# छत्तीसगढ़ संवाद

(जनसंपर्क संचालनालय की सहयोगी संस्था)

**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)**

**वेबसाइट– http://samvad.cg.nic.in/ फोन नं. 0771–2512580/81**


क्रमांक–2103/छगसं./प्रकाशन/2025 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 14/08/2025

## Digital Print Variable Data सर्टिफिकेट मुद्रण हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ संवाद (जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था) द्वारा Digital Print Variable Data सर्टिफिकेट मुद्रण हेतु दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु निर्धारित प्रारूप में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित पूर्ण भरे हुए निविदा ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तों का अवलोकन छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट **http://samvad.cg.nic.in** पर किया जा सकता है। प्रारूप एवं नियम शर्तों में संशोधन होने पर संशोधन की सूचना उक्त वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी, पृथक से समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन नहीं की जाएगी। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार है :–

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | रूपये 2,360/–(जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रूपये 50,000/– (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| निविदा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि | दिनांक 25/08/2025 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 25/08/2025 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | दिनांक 25/08/2025 समय 4:00 बजे सायं से |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ संवाद**
**नवा रायपुर अटल नगर**

**छत्तीसगढ़ संवाद**
(जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था)
नार्थ ब्लाक, सेक्टर- 19, नवा रायपुर अटल नगर
जिला रायपुर ,छत्तीसगढ़

## Digital Print Variable Data सर्टिफिकेट मुद्रण हेतु नियम एवं शर्तें

| क्रमांक | नियम एवं शर्ते |
|---|---|
| 1 | मुद्रक के पास स्वयं के स्वामित्व का न्यूनतम साइज 13''x 19'' इंच का मल्टीकलर डिजिटल प्रिंट मशीन चालू हालत में होना अनिवार्य है \| जिसकी प्रिंट क्षमता A4 साइज में 70-80 EPM होना चाहिए \| (स्वामित्व संबंधी दस्तावेज़ /इन्वाइस प्रस्तुत करना होगा) जॉइंटवेंचर/ फेंचाइजी/कंसोरटीयम मान्य नहीं होगा \| निविदा दरे केवल सर्टिफिकेट मुद्रण हेतु आमंत्रित की जा रही है\| |
| 2 | किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट से सत्यापित वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 का औसतन कम से कम 25 लाख रुपए का टर्न ओवर UDIN अंकित प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा\| |
| 3 | छत्तीसगढ़ राज्य के जीएसटी विभाग में निविदाकर्ता फर्म का पंजीयन होना अनिवार्य है\| टेक्निकल बिड में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना होगा\|जीएसटी पंजीयन की ARN मान्य होगा। पंरतु छत्तीसगढ़ राज्य के जीएसटी पंजीयन के प्रति उपलब्ध कराने के पश्चात् ही संबंधित फर्म से अनुबंध निष्पादन किया जाएगा। |
| 4 | मुद्रकों को जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, Assessment year 2022-23 एवं 2023-24 एवं 2024-25 का इन्कमटैक्स रिटर्न, माह मार्च -2025 का GSTR3B की प्रति\| छत्तीसगढ़ राज्य के जीएसटी पंजीयन नवीन होने की स्थिति में अपने प्रचलित जीएसटी नंबर का माह मार्च -2025 की जीएसटी रिटर्न की प्रति अपलोड करना होगा। \| |
| 5 | निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 2,360/- जीएसटी सहित (वापसी योग्य नहीं) एवं अमानत राशि रू. 50,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) छत्तीसगढ़ संवाद के बैक खाता में ऑनलाईन/ आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से जमा करना होगा एवं पावती/साक्ष्य की प्रति टेक्निकल बिड के साथ जमा करना होगा। छत्तीसगढ़ संवाद में 'अ' एवं 'ब' श्रेणी मुद्रण हेतु आमंत्रित निविदा में इम्पैनलमेंट फर्मों को पृथक से अमानत राशि जमा करने की आवश्यकता नही है \| 'अ' एवं 'ब' श्रेणी में इम्पैनलमेंट फर्मों के अतिरिक्त अन्य फर्मों को अमानत राशि जमा करना अनिवार्य है \|<br>**छत्तीसगढ़ संवाद के बैंक खाता का विवरण निम्नानुसार है:-**<br>Account Name : Chhattisgarh Samvad<br>Bank Name : Indian Bank<br>Branch Name : Sector-27, Nawa Raipur (C.G.)<br>Saving Account No. : 20246301259<br>IFSC Code No. : IDIB000N571 |
| 6 | **लिफाफा में स्वयं के स्वामित्व के वांछित मशीनों के चालू हालत में मशीनों का 360 डिग्री में विडियो जिसमें मुद्रणालय के साथ-साथ चालू प्रकिया में मशीन स्पष्ट दिखता हुआ डीवीडी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं नियत समय तक छत्तीसगढ़ संवाद भवन, नवा रायपुर अटल नगर के द्वितीय -तल में स्थित कक्ष क्र . SF-10 भण्डार शाखा में जमा करना होगा ।** |
| 7 | निविदा द्वारा इम्पेनलमेंट की प्रक्रिया प्राथमिक तौर पर दर निर्धारण के लिए है । |
| 8 | छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट "samvad.cg.nic.in" में निविदा के टेक्नीकल बिड में वांछित दस्तावेज एवं फाईनेन्शियल बिड ऑनलाईन जमा किया जाना है। |

| | |
|---|---|
| 9 | निविदा मे प्राप्त दरो के आधार पर न्यूनतम दर निर्धारित कर निर्धारित दरो मे कार्य करने मे सहमत मुद्रकों की 1वर्षो के लिए पैनल तैयार किया जाएगा\| निविदा में न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले मुद्रकों को कार्य आबंटन में प्राथमिकता दी जाएगी \| कार्य के तत्कालिकता एवं आवश्यकता अनुसार समय सीमा में कार्य संपादन हेतु न्यूनतम निर्धारित दरो मे पैनल के मुद्रकों से कार्य करवाने का पूर्ण अधिकार अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी/मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा\| |
| 10 | **निविदा के साथ चाहे गए सभी प्रकार के पेपर के नमूने जिसमे गुणवत्ता के प्रमाणीकरण के साथ संस्था की सील लगी हुई नमूना निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं नियत समय तक छत्तीसगढ़ संवाद भवन, नवा रायपुर अटल नगर के द्वितीय -तल में स्थित कक्ष क्र . SF- 10 भण्डार शाखा में जमा करना होगा ।** |
| 11 | मुद्रण साइज, जीएसएम में परिवर्तन एवं गुणवत्ता में कमी होने पर निविदा की न्यूनतम दर से अनुपातिक दर की गणना की जायेगी एवं कुल लागत में से पेनाल्टी के रूप में निम्नानुसार कटौती की जाएगी \|<br>**(1)कार्यादेश पर उल्लेखित साइज से कम होने पर**<br>(i) प्रति 10 वर्ग इंच के अन्दर होने पर 2 % कटौती किया जाये\|<br>(ii)प्रति 10 वर्ग इंच के अधिक कमी होने पर 2.5 % कटौती किया जाये\|<br>**(2)कार्यादेश पर उल्लेखित जीएसएम से कम होने पर**<br>(i) 10 जीएसएम तक 2 % कटौती की जाएगी \|<br>(ii) 10 से 20 gsm तक 2.5 % कटौती की जाएगी \|<br>(iii) 20 जीएसएम के अधिक कम होने पर 3 % कटौती की जाएगी \|<br>**(3) कार्यादेश पर उल्लेखित गुणवत्ता से कम होने पर**<br>(i) मुद्रण में रंग रोंगन दाग धब्बा आदि एवं निम्न गुणवत्ता के मुद्रण होने पर 2 % कटौती होगी\|<br>**(4) कार्यादेश पर उल्लेखित कागज का प्रकार से कम होने पर**<br>(i) कागज का प्रकार अर्थात कार्यादेश में उल्लेखित कागज अर्थात आर्ट पेपर के स्थान पर मैपलिथो पेपर व अन्य कई कम गुणवत्ता के कागज उपयोग करने पर 2% कटौती की जाएगी \|<br>**(5 ) उपरोक्त में से 2 से अधिक प्रकार की कमी होने पर 10% कटौती किया जायेगा \|**<br>**(6) इसके अलावा मुद्रण समय सीमा से विलंब होने पर विलंब अवधि के प्रतिदिन के आधार पर पैनाल्टी काटने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकरी, छत्तीसगढ़ के पास सुरक्षित रहेगा।** |
| 12 | मुद्रण सामग्री के साईज में वेरियेशन कार्यादेश में उल्लेखित साईज से 0.5 प्रतिशत तक मान्य होगा जिसमें वेरियेशन यदि 0 .5 प्रतिशत 3mm से कम होने पर ±3mm एवं वेरियेशन 0 .5 प्रतिशत से ज्यादा होने पर ± 5mm तक वेरियेशन मान्य होगा। |
| 13 | जिन किस्मों के कागजो मे मुद्रण हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है उन्ही किस्मों के कागज मात्रा तथा आकार – प्रकार एवं निर्धारित समय सीमा मे मुद्रण सामग्री प्रदाय करनी होगी\| मुद्रक द्वारा बिना लिखित अनुमति के मुद्रण कार्यादेश में उल्लेखित गुणवत्ता मे परिवर्तन करने पर छत्तीसगढ़ संवाद मुद्रक के देयकों का भुगतान करने के लिये बाध्य नहीं होगा\| |
| 14 | मुद्रक द्वारा प्रस्तुत देयक मे मुद्रित सामग्रियों की गुणवत्ता , मात्रा एवं दर का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए, देयक के साथ मुद्रण सामग्रियो के नमूने की प्रतियों मे संबंधित विभाग के प्राप्तकर्ता का नाम,पद नाम एवं कार्यालय का सील लगा हुआ मुद्रित नमूनों की तीन - तीन प्रतियाँ उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा , आवश्यकता होने पर संबंधित विभाग से या मुद्रक से नमूने की अलग से प्रतियाँ परीक्षण हेतु प्राप्त की जा सकेगी, सेपलिंग के दौरान गुणवत्ता/आकार-प्रकार में कमी पाई जाने पर जो सबसे खराब नमूना होगा, उसी नमूने के आधार पर दर गणना कर देयक सत्यापित किया जायेगा\| इस स्थिति में सामग्री एवं देयक को मान्य किया जाना छत्तीसगढ़ संवाद की बाध्याता नही होगी\| |

| | |
|---|---|
| 15 | मुद्रण दरे F.O.R. रायपुर / नवा रायपुर, अटल नगर होगी अर्थात सुपुर्दगी का स्थल स्थानीय (रायपुर/नवा रायपुर अटल नगर मे) होने की स्थिति मे मुद्रकों / एजेंसियों को अलग से किसी प्रकार का परिवहन व्यय देय नहीं होगा, मुद्रकों को मुद्रित सामग्रियों सम्बंधित विभागों/ संस्थाओं को रायपुर / नवा रायपुर, अटल नगर के किसी भी स्थान पर स्थित कार्यालयों /गोडाउन में निर्धारित/ वांछित स्थानों में उपलब्ध कराना अनिवार्य है जिसके लिए न्यूनतम दरो के अतिरिक्त किसी प्रकार का अन्य व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा\| आवश्यकतानुसार मुद्रक को कार्यदेश प्रदाय करने के 07 दिवस के भीतर मुद्रण कर संबंधित विभाग को प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा \| मुद्रण कार्य एवं मुद्रित सामग्री आपूर्ति में विलम्ब होने पर अतिरिक्त 5% तक पेनाल्टी कटौती का अधिकार छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा\| |
| 16 | मुद्रक को नियत स्थान तक मुद्रित सामग्री पंहुचाने मे पूरी सुरक्षा बरतनी होगी मुद्रित सामग्री मे किसी प्रकार की क्षति अथवा कमी पाये जाने की स्थिति मे प्रमाणित नुकसान के लिए मुद्रक स्वयं जिम्मेदार होगा\| |
| 17 | संवाद द्वारा उपलब्ध कराये गए सीडी/डिजाइन मे ही मुद्रण करना होगा तथा मुद्रक को स्वीकृत दर के अलावा अलग से फिल्म प्लेट पेपर,बटर पेपर अन्य खर्च के लिए अतिरिक्त राशि नहीं दी जाएगी \| अत: निविदा मे समस्त व्यय आदि को शामिल कर दरे प्रस्तुत करे\| |
| 18 | समय – सीमा व वांछित गुणवत्ता आकार – प्रकार तथा निर्धारित मात्रा मे सामग्रियों का मुद्रण करना अनिवार्य है, अन्यथा कार्यदेश निरस्त कर मुद्रक को एक वर्ष के लिए काली सूची मे डाला जा सकता है एवं मुद्रक के जमा अमानत राशि राजसात किया जा सकता है \| |
| 19 | **छ.ग. शासन के किसी भी उपक्रम निगम, मंडल, विश्व विद्यालय स्ववित्तपोषी संस्था द्वारा काली सुची मे डाले गये मुद्रक निविदा मे भाग नही ले सकते। इस सम्बन्ध् मे निर्धारित प्रारूप में मुद्रक को नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ - पत्र प्रस्तुत करना होगा कि मुद्रक को कहीं भी काली सुची मे नही डाला गया है एवं शपथ पत्र कि मूल प्रति (हार्डकॉपी) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं नियत समय तक छत्तीसगढ़ संवाद भवन, नवा रायपुर अटल नगर के द्वितीय -तल में स्थित कक्ष क्र . SF- 10 भण्डार शाखा में जमा करना होगा ।** |
| 20 | प्रकाशन सामग्री का मुद्रण कराने वाले विभाग/ शासकीय संस्थान से देयक का भुगतान प्राप्त होने के पश्चात ही संबंधित मुद्रकों के देयकों का भुगतान किया जाएगा , कार्य हेतु किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा \| मुद्रकों द्वारा सामग्री आपूर्ति करने के पश्चात् 21 दिवस के भीतर चालान, सत्यापित नमूना के साथ देयक छत्तीसगढ़ संवाद में प्रस्तुत करना होगा \| छत्तीसगढ़ संवाद शासन की एक एजेंसी है एवं संबंधित विभाग के कार्यादेश अनुरूप फर्मों से कार्य कराया जाता है \| इसलिए संबंधित विभाग द्वारा कार्य एवं देयक सत्यापन पश्चात् भुगतान करने पर कार्य पूर्ण माना जायेगा\| जीएसटी अधिनियम के तहत निर्धारित तिथि के अन्दर मुद्रक को देय जीएसटी का भुगतान सुनिश्चित करना होगा\| |
| 21 | छत्तीसगढ़ संवाद को मुद्रकों के मुद्रणालयो का आकस्मिक निरीक्षण करने , मुद्रित सामग्रियों का नमूना लेकर सभी प्रकार की गुणवत्ता परीक्षण करने का पूर्ण अधिकार होगा\| |
| 22 | निविदा मे अंकित दरे एवं शर्तो मे से किसी भी शर्त को पूर्णत: अथवा अंशत कार्य की तात्कालिक एवं विशिष्ट परिस्थितियो मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा शिथिल किया जा सकेगा। |
| 23 | निविदा स्वीकार करने / अस्वीकार करने तथा नियम शर्तो को शिथिल करने का संपूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा\| |

| | |
|---|---|
| 24 | मुद्रित सामग्री की गुणवत्ता संबंधी जाँच का संपूर्ण अधिकार छत्तीसगढ़ संवाद को होगा आवश्यकता पड़ने पर संवाद की समिति अथवा मुद्रण कार्य विशेषज्ञ अथवा इस संबंध में जाँच एजेंसी/प्रयोगशाला में जाँच कराई जा सकेगी जिसका व्यय मुद्रक के देयक में काटा जायेगा। |
| 25 | निविदा दरे निविदा अनुमोदन तिथि से आगामी 1 वर्ष के लिए मान्य रहेगी आवश्यकता होने पर निविदा अवधि मे वृद्धि करने या कम करने अथवा निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद के पास सुरक्षित रहेगा। |
| 26 | निविदा की न्यूनतम दरों के अतिरिक्त शासन द्वारा लागू जीएसटी का पृथक से भुगतान किया जायेगा मुद्रकों को जीएसटी रिटर्न की प्रतियाँ को छ. ग. संवाद में उपलब्ध कराना अनिवार्य है अन्यथा अन्य देयकों / जमा अमानत राशि में काटी जाएगी। समय - समय पर निर्धारित प्रारूप में जमा रिटर्न की प्रतियाँ भी जमा करना अनिवार्य है। |
| 27 | मुद्रक द्वारा निविदा प्रस्तुत करने का आशय यह होगा कि निविदाकार को उपरोक्त सभी नियम एवं शर्ते मान्य है। |
| 28 | जो प्रिंटर्स प्रस्तावित कार्य के लिए यदि L-1 है और कार्य करने में किसी भी प्रकार की असमर्थता यथा समय सीमा, तकनीकी समस्या या अन्य कोई कारण से कार्य में असमर्थता जाहिर करता है और मुद्रण नहीं किया जाता है तो उसे तीन माह तक कोई कार्य नहीं दिया जायेगा, संवाद उस प्रिंटर के L-1 दर पर पैनल के अन्य से भी कार्य कराने के लिए स्वतंत्र होगा। L1 मुद्रक के साथ दोबारा उक्त स्थिति निर्मित होने पर संबंधित मुद्रक को 01 वर्ष के लिए काली सूची में डाला जाएगा। |
| 29 | संवाद द्वारा मुद्रण के लिए प्रदाय की गई मुद्रण सामाग्री की सी.डी. / डी.वी.डी. /बटर की गुणवत्ता का अपने स्तर पर परीक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करना मुद्रक की जिम्मेदारी होगी। |
| 30 | मुद्रित सामग्री की आपूर्ति पश्चात् 21 दिवस तक मुद्रक द्वारा देयक प्रस्तुत नही करने पर मुद्रक को देयक प्राप्त होते तक अन्य कार्य का आबंटन नही किया जायेगा। |
| 31 | आर्बिट्रेशन (मध्यस्थता):- किसी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने एवं 30 दिवस के अंदर समाधान न होने की स्थिति में निर्णय हेतु मामला एकल आर्बिट्रेशन-प्रमुख सचिव/सचिव, जनसंपर्क विभाग को अग्रेषित किया जायेगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। |
| 32 | व्यवहार मे किसी प्रकार के विवाद की स्थिति निर्मित होने पर न्यायालयीन क्षेत्र रायपुर छत्तीसगढ़ ही होगा। |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ संवाद**
**रायपुर**

# छत्तीसगढ़ संवाद

(जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था)

नार्थ ब्लाक, सेक्टर- 19, नवा रायपुर अटल नगर

जिला रायपुर ,छत्तीसगढ़

## Digital Print Variable Data सर्टिफिकेट मुद्रण हेतु वित्तीय प्रस्ताव

| S.N. | Work Name | Publish Qty | Rate |
|---|---|---|---|
| 1 | **सर्टिफिकेट** - साइज- A4, 300 GSM आर्ट पेपर मल्टीकलर, एकतरफ मुद्रण, जिसमे डिजिटल प्रिंट वेरिएबल डाटा उच्च गुणवत्ता के साथ मुद्रण किया जाना होगा \|(सर्टिफिकेट सुरक्षा एवं गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए निर्धारित संख्याओं में पैकिंग कर, शीलबंद कर सुरक्षित कर प्रदाय करना पड़ेगा ) | 10000-50000 | |
| | | 50001-100000 | |
| | | 100001-200000 | |
| | | 200001-350000 | |
| | | 350001-450000 | |
| | | 450001 -more | |
| 2 | **सर्टिफिकेट** - साइज-A4 , 300 GSM स्टार ड्रीम क्वार्टज पेपर, मल्टीकलर, एकतरफ मुद्रण, जिसमे डिजिटल प्रिंट वेरिएबल डाटा उच्च गुणवत्ता के साथ मुद्रण किया जाना होगा \|(सर्टिफिकेट सुरक्षा एवं गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए निर्धारित संख्याओं में पैकिंग कर, शीलबंद कर सुरक्षित कर प्रदाय करना पड़ेगा ) | 10000-50000 | |
| | | 50001-100000 | |
| | | 100001-200000 | |
| | | 200001-350000 | |
| | | 350001-450000 | |
| | | 450001 -more | |
| 3 | **सर्टिफिकेट** - साइज-13"x 9.5" , 300 GSM आर्ट पेपर मल्टीकलर, एकतरफ मुद्रण, जिसमे डिजिटल प्रिंट वेरिएबल डाटा उच्च गुणवत्ता के साथ मुद्रण किया जाना होगा \|(सर्टिफिकेट सुरक्षा एवं गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए निर्धारित संख्याओं में पैकिंग कर, शीलबंद कर सुरक्षित कर प्रदाय करना पड़ेगा ) | 10000-50000 | |
| | | 50001-100000 | |
| | | 100001-200000 | |
| | | 200001-350000 | |
| | | 350001-450000 | |
| | | 450001 -more | |
| 4 | **सर्टिफिकेट** - साइज-13"x 9.5" , 300 GSM स्टार ड्रीम क्वार्टज पेपर, मल्टीकलर, एकतरफ मुद्रण, जिसमे डिजिटल प्रिंट वेरिएबल डाटा उच्च गुणवत्ता के साथ मुद्रण किया जाना होगा \|(सर्टिफिकेट सुरक्षा एवं गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए निर्धारित संख्याओं में पैकिंग कर, शीलबंद कर सुरक्षित कर प्रदाय करना पड़ेगा ) | 10000-50000 | |
| | | 50001-100000 | |
| | | 100001-200000 | |
| | | 200001-350000 | |
| | | 350001-450000 | |
| | | 450001 -more | |
| 5 | **सर्टिफिकेट** - साइज-A3 , 300 GSM आर्ट पेपर मल्टीकलर, एकतरफ मुद्रण, जिसमे डिजिटल प्रिंट वेरिएबल डाटा उच्च गुणवत्ता के साथ मुद्रण किया जाना होगा \|(सर्टिफिकेट सुरक्षा एवं गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए निर्धारित संख्याओं में पैकिंग कर, शीलबंद कर सुरक्षित कर प्रदाय करना पड़ेगा ) | 10000-50000 | |
| | | 50001-100000 | |
| | | 100001-200000 | |
| | | 200001-350000 | |
| | | 350001-450000 | |
| | | 450001 -more | |
| 6 | **सर्टिफिकेट** - साइज- A3 , 300 GSM स्टार ड्रीम क्वार्टज पेपर, मल्टीकलर, एकतरफ मुद्रण, जिसमे डिजिटल प्रिंट वेरिएबल डाटा उच्च गुणवत्ता के साथ मुद्रण किया जाना होगा \|(सर्टिफिकेट सुरक्षा एवं गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए निर्धारित संख्याओं में पैकिंग कर, शीलबंद कर सुरक्षित कर प्रदाय करना पड़ेगा ) | 10000-50000 | |
| | | 50001-100000 | |
| | | 100001-200000 | |
| | | 200001-350000 | |
| | | 350001-450000 | |
| | | 450001 -more | |

दिनांक :

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम

हस्ताक्षर (सील मुद्रा)

पूर्ण पताः

मोबाईल नं. ☐

(रू. 50/– के स्टाम्प पेपर में नोटरी से सत्यापित शपथ–पत्र निविदा के टेक्निकल बिड में प्रस्तुत करना होगा)

# शपथ–पत्र

मैं——————————संस्था प्रमुख निवासी ————————————छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा जारी निविदा हेतु प्रारूप, निर्धारित नियम एवं शर्त का पूर्ण रूप से अध्ययन करने के पश्चात ही उपरोक्त आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूं। हमारे फर्म द्वारा वैधानिक देय राशियों का शासन की संबंधित खातों में जमा किया गया है, कोई देय राशि बकाया नहीं है। उपरोक्त आवेदन में अंकित कोई भी जानकारी अपर्याप्त/अधूरी या फिर गलत पाई जाती है तो इसे अस्वीकार/निरस्त करने का तथा हमारी संस्था को ब्लैकलिस्ट करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ संवाद को होगा। इस बारे में मेरे या संस्था के किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी तरह की अपील या आपत्ति किसी क्षेत्र में नहीं की जायेगी। मुझे छग संवाद की उपरोक्त निविदा से संबंधित सभी नियम एवं शर्ते स्वीकार है।

यह कि हमारी संस्था ———————————— किसी शासकीय और अर्द्ध शासकीय विभाग/ निगम/मंडल इत्यादि द्वारा ब्लैक लिस्टेट (काली सूची) नहीं की गई है।

स्थान ——————

दिनांक ——————

हस्ताक्षर

(पूरा नाम)

संस्था का नाम व मोहर